कम्प्यूटर संख्या — 0809034

पत्रसंख्या- स0के0-क-1-35-जिलाउद्योग की बैठक श्री भोलानाथ अस्थाना,असि0कमि0 / 411 /वाणिज्य कर

कार्यालय कमिश्नर, वाणिज्य कर,उ0प्र0
(चेक पोस्ट अनुभाग)
लखनऊ : दिनांक:: 05 जून,2008

समस्त जोनल एडीशनल कमिश्नर,ग्रेड-1
समस्त ज्वाइन्ट कमिश्नर (कार्यपालक)
समस्त ज्वाइन्ट कमिश्नर (वि0अनु0शा0/प्रवर्तन)
समस्त ज्वाइन्ट कमिश्नर (अपील)
वाणिज्य कर ।

Keyword. 1-13- Administrative / General Direction

एक विभागीय जॉच के प्रकरण में अधिकारी के विरुद्ध संस्थित विभागीय कार्यवाही में कार्यालय ज्ञाप एवं आरोप पत्र की तामीली में इसलिए अधिक विलम्ब हुआ कि सम्बन्धित अधिकारी का स्थायी / अस्थायी पता कार्यालय में उपलब्ध नहीं था। इस सम्बन्ध में शासन के पत्रसंख्या- सं0वि0क0नि0-1-1609/11-2008 1035(32)/2008, दिनांक: 30-5-08 द्वारा यह निर्देश दिये गये हैं कि समस्त अधिकारियों / कर्मचारियों के स्थायी / अस्थायी पतों का पूर्ण विवरण कार्यालयों में रखना सुनिश्चित किया जाय, जिससे भविष्य में पते के अभाव में शासकीय कार्यो में बाधा उत्पन्न न हो सके ।

इस सम्बन्ध में आपको निर्देश दिये जाते हैं कि कृपया अपने अधीनस्थ अधिकारियों को शासन के इन निर्देशों से अवगत करादें कि उनके अधीनस्थ कार्यरत समस्त अधिकारियों / कर्मचारियों के स्थायी / अस्थायी पतों का पूर्ण विवरण कार्यालयों में रखना सुनिश्चित किया जाय, तथा आप अपने अधीनस्थ कार्यरत समस्त अधिकारियों / कर्मचारियों के भी स्थायी /अस्थायी पतों का पूर्ण विवरण कार्यालय में रखना सुनिश्चित करें ।

(श्याम लाल)
एडीशनल कमिश्नर, वाणिज्य कर
मुख्यालय, उ0प्र0।

पृष्ठांकन पत्रसंख्या व दिनांक उक्त ।

प्रतिलिपि- (1) उपसचिव, संस्थागत वित्त कर एवं निबन्धन अनुभाग-1 उत्तर प्रदेश शासन को उनके पत्रसंख्या-1609 दिनांक:30-5-08 के सन्दर्भ में सूचनार्थ प्रेषित ।
(2) वाणिज्य कर,मुख्यालय के समस्त अनुभाग ।

(एस0 पी0 सिंह)
डिप्टी कमिश्नर (चे0पो0)वाणिज्य कर
मुख्यालय, उ0प्र0।